हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
02 फ़रवरी 2025, समय 1305

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बंसत पंचमी और सरस्वती पूजा के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक संदेश में राष्ट्रपति ने शिक्षा और ज्ञान से जुड़े इस पर्व पर कामना की है कि ये पर्व देशवासियों के लिए खुशी, समृद्धि और ज्ञान लेकर आयेंगे। आज के दिन के महत्व का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने भारत को विश्व के ज्ञान केंद्र के रूप में स्थापित होने की प्रार्थना की।

**************************************************************************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा कल पेश किए गए केंद्रीय बजट को विभिन्न क्षेत्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। व्यापार एवं उद्योग विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री और आम लोगों ने मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के सरकार के प्रस्तावों की सराहना की है।

भिवानी से चार्टर्ड अकाउंटेंट पुनीत मेहता ने भी बजट की सराहना की है।

पानीपत से नागरिक जुगल किशोर ने कहा कि बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

**************************************************************************

उधर राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में सूक्ष्म, लघु एंव मध्यम उद्यमों के लिए लोन गारंटी कवर को 5 करोड़ रूपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रूपए तक करने तथा मध्यम वर्ग को कर में राहत देने का फैसला स्वागत योग्य है लेकिन हरियाणा से जुड़ें उद्यमों को प्रोत्साहित व संरक्षित करने के लिए बजट में कोई विशेष घोषणा का न होना निराशाजनक है।

**************************************************************************

जूता और चमड़ा उद्योग ने वित्त मंत्री निर्मल सीतारामन द्वारा जूता और चमड़ा क्षेत्र की उत्पादकता ,गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए विशेष उत्पाद योजना लागू किए जाने की घोषणा का स्वागत किया है। इस योजना से 22 लाख व्यक्तियों को रोजगार मिलने 4 लाख करोड़ रुपये का कारोबार और एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात होने की संभावना है।

इसके अलावा वित्तमंत्री की राष्ट्रीय खिलौना कार्य योजना के आधार पर ,देश को 'वैश्विक खिलौना केंद्र' बनाने की योजना लागू करने की घोषणा का भी उद्योग जगत ने स्वागत किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस योजना से उच्च गुणवत्ता वाले अनूठे ,नवीन और पर्यावरण अनुकूल 'मेड इन इंडिया' खिलौने बनेंगे।

***************************************************************************

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने किसानों के लिए भी कई घोषणाएं की हैं। कई प्रगतिशील किसानों ने वित्त मंत्री की घोषणाओं का स्वागत किया है। किसानों ने, उच्च पैदावार ,कीट रोधी और जलवायु अनुकूल गुणों से संपन्न बीज तैयार करने के लिए राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन लागू करने , किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने और कपास उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने के लिए पंचवर्षीय कपास उत्पादकता मिशन बनाने के लिए वित्त मंत्री का आभार जताया है। वित्त मंत्री ने, अरहर ,उड़द और मसूर के उत्पादन पर विशेष ध्यान देते हुए 6 वर्षीय "दलहन आत्मनिर्भरता मिशन" प्रारम्भ करने की घोषणा की है। इसके अलावा उत्पादन ,प्रभावी आपूर्तियों ,प्रसंस्करण और किसानों के लिए लाभकारी मूल्य को बढ़ावा देने के लिए राज्यों की भागीदारी से सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम की घोषणा की है। यह कार्यक्रम 100 जिलों में लागू होगा। इसमें पंचायत और प्रखंड स्तर पर फसल कटाई के बाद भंडारण बढ़ाना ,सिंचाई की सुविधाओं में सुधार करना और दीर्घ-अवधि तथा लघु-अवधि ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि इससे एक करोड़ 70 लाख किसानों को सहायता मिलने की संभावना है। यूरिया की आपूर्ति बढ़ाने के लिए असम के नामरूप में 12लाख 70 हजार मीट्रिक टन उत्पादन क्षमता वाला एक संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

***************************************************************************